प्रकाशक :—

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम

रत्नकूट, हम्पी

पो० कमलापुरम् स्टे० होस्पेट

जिला बेलारी (मैसूर स्टेट)

Hampi, Kamlapuram
Hospet, Dist. Bellari
Mysore

महावीर जयन्ती | प्रथमावृत्ति | मूल्य—५)
वीर निर्वाण सं० २५०० | २२००

मुद्रक :—

अजन्ता फाइन आर्ट प्रेस

२०, बालमुकुन्द मक्कर रोड,

कलकत्ता-७

ॐ नमः

अध्यात्म-योगी, सन्तप्रवर श्री सहजानंदघनजी

(संक्षिप्त-परिचय)

'देह छतां जेनी दशा, वर्त्ते देहातीत।
ते ज्ञानीनां चरण मां, हो वंदन अगणित ॥"

ये पंक्तियाँ 'आत्मसिद्धि शास्त्र' की हैं, जिसकी रचना परम कृपालु देव श्रीमद् राजचंद्र प्रभु द्वारा हुई है। परम कृपालु देव के वचनों को यथार्थ रूप में अपने जीवन में उतार कर तद्रूप आत्मस्थिति सिद्धकर बताने वाले प्रभु श्री सहजानंदघनजी महाराज कृत चैत्यवन्दन, स्तुति, स्तवन, पद एवं नियमसार रहस्यादि सहजानंद-सुधा के प्रथम भाग पद्यकृतियों के रूप मे सहजानंद-पदावली ग्रन्थ मुमुक्षु पाठको के कर कमलों में रखते हर्ष और दुख उभय भावों का अनुभव होता है।

हर्ष होने का कारण तो यह है कि परम-पूज्य योगिराज, प्रयोगवीर गुरुदेव श्री सहजानंदघन जी महाराज की सभी रचनाएँ अद्यावधि प्रायः अप्रकाशित ही रही हैं क्योंकि परम-पूज्य गुरुदेव-को प्रसिद्धि की लेश मात्र भी इच्छा न होने के कारण वे किसी भी कृति को प्रकाशित करने की आज्ञा नहीं देते थे। इतना ही नहीं, वरन् प्रसिद्धि न हो इसलिए उन्होंने अनेक स्वहस्तलिखित कृतियों को भी अलभ्य कर दिया था। और दुख का अनुभव इसलिए होता है कि ऐसे आत्मज्ञानी योगीन्द्र परम-

पूज्य गुरुदेव की कृतियाँ अव ऐसे समय में प्रकाशित कर रहे हैं जव कि वे अपने वीच नहीं रहे। संवत् २०२७ मिती कार्त्तिक शुक्ल २ रविवार ता० १-अक्टोवर १६७० को रात्रि दो वजकर पचीस मिनट पर परमपूज्य गुरुदेव की पवित्र आत्मा ने इस नश्वर देह का त्याग कर दिया।

कच्छ-डुमरा के परमार गोत्रीय ओसवाल सुश्रावक श्री नागजी भाई तथा सुश्राविका श्री नयनादेवी माता की कोख से सं० १६७० भाद्रपद शुक्ल १० को सूर्योदय के समय उस तेजस्वी आत्मा का जन्म हुआ था। जन्म के समय मूल नक्षत्र होने से आपका "मूलजी भाई" नामकरण हुआ। कच्छ डुमरा के स्कूल में सातवीं कक्षा तक अभ्यास करने के पश्चात् अध्ययन की अदम्य इच्छा होने पर भी संयोग वश पढाई छोडकर उन्हे आजीविका के हेतु वंवई महानगरी में आना पडा। वंवई में आप कच्छ लायजा निवासी श्री पुनशीभाई मोनजी के यहाँ व्यापार कार्य से संलग्न हो गए।

वम्वई-भातवजार के गुदाम में वैठे हुए वि० सं० १६८६ में १६ वर्ष की तरुणावस्था में आत्म-चिन्तन करते-करते आप समाधिस्थ हो गए, देहभान छूट गया। इस समाधि-दशा में उन्हें आत्म-दर्शन और विश्व-दर्शन हुआ। उन्होंने सांसारिक प्राणियों को वीतराग परमात्मा श्री महावीर स्वामी के वतलाए माग से विपरीत दिशा में मार्गावलम्वन करते देखा। इस समय उनके मन में विकल्प हुआ कि मुझे क्या करना है? आदेश हुआ

कि-सिद्ध भूमि में जाकर आत्म-साधना करो और वृक्षवत् समाधिस्थ वनो।

परन्तु इस कलिकाल में ऐसी साधना करना दुष्कर बताने से श्री मूलजीभाई ने माता-पिता की आज्ञा लेकर खरतर गच्छाचार्य श्री जिनरत्नसूरिजी के पास वि० सं० १९९१ में कच्छ-लायजा में भागवती दीक्षा स्वीकार की। आपका दीक्षानाम 'भद्रमुनि' रखा गया। उपाध्याय श्री लब्धिमुनिजी के पास अल्प समय में ही आपने वहुत सारे शास्त्रों का अभ्यास कर लिया।

श्री भद्रमुनि जी महाराज धर्म ध्यान और तपश्चर्या में दृढ़ निश्चयी और अविरल वीर थे। दीक्षा से पूर्व ही आपने प्रतिदिन एकाशना चालू कर दिया और वाद में उस तपश्चर्या ने ठाम-चौविहार का रूप धारण कर लिया जिसे आजीवन निभाया। गुरुजनों के साथ वारह वर्ष पर्यन्त विविध क्षेत्रों में विचरण कर आत्मज्ञान के विकास की प्रवल भावना से गुफावास प्रारंभ किया और ध्यान व योग साधना में आगे वढ़ने के लिए गुर्वाज्ञा से एकल विहारी बने। आपने एकाकी विचरते हुए लगभग समग्र-भारत के क्षेत्रों में परिभ्रमण किया और विविध क्षेत्रीय गिरि-कन्दराओं में रहकर आत्म-साधन किया।

सं० २००३ पोष शुक्ल १४ सोमवार को संध्या समय अमृत-वेला में ६ वजे आपने मोकलसर (राजस्थान) गुफा में प्रवेश किया। परमपूज्य गुरुदेव का यह सर्वप्रथम गुफा प्रवेश था। इस

गुफा से ऊपर की गुफा में एक चीता रहता था। जिस गुफा में परमपूज्य गुरुदेव साधना करते थे उसमें दो वडे विषधर फणधारी सांपो का भी वास था। आत्मलीनता के कारण शरीर की लेशमात्र की पर्वाह किए बिना आप निर्भय साधना रत रहते थे। सव जीवों के प्रति आपकी अत्यन्त करुणामयी स्वात्म दृष्टि थी। आपके पवित्र हृदय में स्नेहभाव और मैत्रीभाव के पावन निर्झर प्रवहमान थे।

सं० २००४ की कार्त्तिक-पूर्णिमा के दिन मोकलसर से विहार कर आठ मील दूर गढ़सिवाना पधारे। वहाँ से पाली, ईडर आदि अनेक स्थलों में आपने गुफावास किया। ईडर की तप्त शिलाओं पर ग्रीष्मकाल के मध्यान्ह में घण्टों तक कायोत्सर्ग ध्यान मे लीन रहते थे (ईडर की यह भूमि परमकृपालुदेव श्रीमद् राजचन्द्रजी की तपोभूमि थी) चारभुजारोड (आमेट) में शीतकाल की अत्यन्त ठण्ढ में मात्र एक पंछिया और पतली चादर धारणकर साधना-मस्त रहते थे।

हृषिकेश, देहरादून, हरिद्वार, उत्तरकाशी तथा पंजाब के अनेक स्थानों में निर्विकल्प भाव से विचरण करते हुए सं० २०१० में परम पूज्य प्रभु महातीर्थ श्री सम्मेत-शिखर जी पधारे। मधुवन में और गिरिराज पर श्री चिदानंदजी महाराज की तपोभूमि-गुफा में रहकर आपने आत्म-साधना की। वहाँ से विहार कर श्री महावीरस्वामी की निर्वाण-भूमि पावापुरी में चातुर्मास किया। आप मौन साधना रत थे फिर भी दहाणु के लोहाणा

परिवार की सुपुत्री सरला वहिन के लिए एक घण्टा व्याख्यान क्रम रखकर समाधि-माला पद्य रचना द्वारा समाधि मरण कराया। पावापुरी में परमपूज्य गुरुदेव को जनता आत्मज्ञानी वावा नाम से पुकारती थी। गुरुदेव की पावापुरी स्थिति के समय इतनी अच्छी वर्षा हुई व धान्य उत्पन्न हुआ, वैसा आज तक कभी नहीं हुआ। सं० २०२५ में परमपूज्य गुरुदेव के साथ मुझे पावापुरी जाने का सद्भाग्य प्राप्त हुआ था। उस समय जनता गाडो में भरकर दर्शनार्थ उमड़ पड़ी। उन लोगों का भक्तिभाव और संत प्रेम देखकर हर्षातिरेक से हृदय नाच उठता था।

परमपूज्य प्रभु चातुर्मास कहाँ करेंगे? यह कभी पहले से निश्चित नहीं करते। कोई चातुर्मास के हेतु वीनति करने आता तो 'वर्त्तमान जोग' कहकर वात टाल देते। निर्विकल्प भाव से विचरते हुए जहाँ भी आषाढ शुक्ल १४ चौमासी-चौदस आ जाती, वहीं चातुर्मास कर लेते। वहुधा ऐसा हो जाता था कि विल्कुल अज्ञात या जैनेतरो की वस्ती में रहना पड़ता किन्तु आत्मशक्ति के कारण प्रभु को कभी कष्ट का अनुभव नहीं होता था। प्रारंभ में लोगो के हृदय में भावना का अभाव भले ही हो पर धीरे धीरे परमपूज्य प्रभु के सानिध्य में आने पर अद्भुत ज्ञान वाणी सुनकर सभी लोग उनके भक्त वन जाते थे।

समस्त मानव हृदय में आत्म भावना की ज्योति जगाने की इच्छा से आपने अनेक क्षेत्रों में परिभ्रमण किया था। राजगृही, वद्रीनाथ आदि अनेक तीर्थस्थानो की यात्रा भी

की। असंग भावना के कारण गोकाक की गुफा में तीन वर्ष पर्यन्त अखण्ड मौन रहकर आत्मानंद में लीन रहे। गोकाक के ठाम-चौविहार में केवल दूध और केला के अतिरिक्त आप अन्य कुछ नहीं लेते थे।

बीकानेर, खण्डगिरि, बद्रीनाथ, देहरादून, आदि स्थानों में विहार करते हुए आप बोरडी पधारे। सं० २०१८ ज्येष्ठ सुदी १५ की रात्रि में अखण्ड भक्ति का आयोजन रखा गया था। यहाँ सात हजार जन समुदाय एकत्र हुआ था। भक्ति के समय दिव्य वस्तुओं के साथ परमपूज्य गुरुदेव को 'युगप्रधान' पद समर्पक श्लोक प्रगट हुआ। इस अद्भुत प्रसंग के अनेक विशिष्ट व्यक्ति भी साक्षीभूत हैं। बीकानेर के जज सिन्धी सद्गृहस्थ श्री जे० पी० चंदानी, बम्बई के म्युनिसीपल सभ्य जीवराज शाह प्राणलाल भाई, जैन इतिहास-रत्न अगरचंदजी नाहटा और श्रीमद् राजचंद्रजी की सुपुत्री जवलबेन आदि भी उपस्थित थे। बोरडी से विहार कर गुरुदेव कुंभोजगिरि, हुबली, गदग होकर अपने पूर्व-जन्मों की साधना-भूमि हंपी पधारे। यहाँ रामायण कालीन किष्किंधा और मध्यकाल के विजयनगर साम्राज्य के ध्वंशावशेष दृष्टिगोचर होते हैं। यहा १४० जैन मन्दिरों के अवशेषों वाले हेमकूट पर थोड़े दिन रहकर आपने हेमकूट के सामने वाले रत्नकूट पर स्थित चीते की गुफा मे अपना साधनासन जमाया। जैनेतर लोगों के उग्रविरोध होते हुए भी सं० २०१८ आषाढ शुक्ल ११ को 'श्रीमद् राजचंद्र आश्रम' की

युगप्रधान गुरुदेव श्री सहजानन्दघनजी महाराज




जन्म सं० १९७० भा० सु० १० डुमरा,

दीक्षा सं० १९९१ वै० सु० ६ लायजा

युगप्रधान पद सं० २०१८ ज्ये० सु० १५ वोरडी

महाप्रयाण सं० २०२७ का० शु० २ हम्पी



युगप्रधान गुरुदेव श्री सहजानन्दघनजी महाराज

स्थापना की। इस रत्नकूट पहाड़ी का वातावरण अत्यन्त भयानक था, जिससे लोग यहा दिन में भी आते हुए घबराते थे। आश्रम की स्थापना के समय भवन-निर्माण कार्य कुछ भी नहीं हुआ। जो गुफाएँ थीं, उन्हे साफ करके व्यवस्थित कर दी गई। ऐसे वातावरण में परमपूज्य गुरुदेव अकेले निर्भय रूप से चीते की गुफा में रहकर समाधि मे लीन रात्रि व्यतीत करते थे। कुछ दिनों मे भूत प्रेतों और हिंस्र-जन्तुओं का निवास स्थान सर्वथा निरापद हो गया। गुरुदेव के पदार्पण से वह भयानक स्थल दिव्य तीर्थ रूप मे परिवर्त्तित हो गया। विद्युत् व जल की सुविधा के साथ इस आश्रम में विशाल व्याख्यान हाल, नि:शुल्क भोजनालय आदि की भी सुव्यवस्था है। श्रीमद् राजचंद्र जन्म शताब्दी-महोत्सव के समय पक्की सड़क का निर्माण हो जाने से आश्रम में ऊपर तक मोटरें आ सकती हैं। चातुर्मास में और विशेषत: पर्यूषण पर्व में इस स्थल की लीला कुछ अनोखी ही हो जाती है। जहां परम-पूज्य प्रभु के शरीर का अग्नि-संस्कार किया गया था उस स्थल पर गुरुमन्दिर और उसके पास दादावाड़ी का निर्माण कार्य चालू है। प्रत्येक पूर्णिमा को यहां अखण्ड भक्ति का आयोजन रहता है जिसमे होस्पेट, बेलारी, गदग, कंपली इत्यादि स्थानों के मुमुक्षु जन भाग लेते हैं।

परमपूज्य गुरुदेव की व्याख्यान शैली अत्यन्त सरल, सादी भाषा में होते हुए प्रभावशाली, ओजपूर्ण और ज्ञानमय थी।

अनेक भक्तों के हृदयगत शंकाओं का समाधान बिना प्रश्न पूछे ही व्याख्यान में हो जाता था। वे प्रशस्त आत्म-साक्षात्कारमय अलौकिक पथ के पथिक थे। आध्यात्म जैसे गूढ विषय को भी वे अपनी अलौकिक वाणी द्वारा सरल और रसमय बना देते थे। सम्यग् दृष्टि, स्थित-प्रज्ञ, षड्ध्यानाभ्यासी, महान् विचारक परम-पूज्य प्रभु अमरत्व की शिखा और पवित्रता की साक्षात मूर्त्ति थे। आत्मानुभूति प्राप्ति विषयक अलौकिक बातें सुनने के लिए अनेक सम्प्रदाय वाले भक्तगण बिना किसी भेदभाव के परमपूज्य प्रभु के व्याख्यान में अत्यन्त उत्कण्ठा-पूर्वक आते और अपनी पिपासा शान्त कर सन्तुष्ट होते थे। उन्होंने सतत जागृत अभेद चिन्तन से अनुराग और विराग के अन्तराल को समाहित किया था। ज्ञान की अविरल अमृतमयी श्रोतस्विनी से वे ओत-प्रोत थे। सतत प्रज्वलित निर्धूम अग्नि-शिखा के सदृश उनके ज्ञान के अप्रतिम प्रकाश की आभा से आलोकित वाणी के पवित्र, मधुर उद्गार मोहतिमिर नाशक थे, वे सार्वभौम ज्ञान के ज्ञाता थे।

परमादरणीय-परमाराध्य योगीन्द्र-युगप्रधान प्रभु श्री सहजानंदघनजी महाराज एक साथ योगी, साधक, विचारक, रागद्वेष रहित आचार्य गुरु तथा सद्धर्म-प्रचारक महान् विभूति थे। अपनी अविरल साधना और चिन्तन धारा से विचारों को तपा कर आपने स्थिर और दृढ़ किए थे। अगाध आत्मनिष्ठा, अपरिमेय विश्वास और अजेय आत्मबल प्रसूत ज्ञान की निर्मल

वाग्धारा प्रभु के मुखारविन्द से जो प्रवाहित होती उसे श्रवण करते-अमृत वाणी का पान करते भक्तगण कभी तृप्त नहीं होते थे।

परमपूज्य गुरुदेव को प्रसिद्धि का मोह या ज्ञान का अहंकार किंचित् भी नहीं था। अनेक वार खरतर गच्छ संघ ने उन्हें आचार्य पद स्वीकार करने के लिए आग्रह-पूर्ण वीनति की, किन्तु इन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया। इनके विचारों में आचार्य पद की योग्यता केवल संघ के अर्पण करने से स्वत. नहीं आ जाती, किन्तु अपने ज्ञान वल की योग्यता से ही आचार्य पद की प्राप्ति होती है। अर्थात् आचार्यपद आत्मज्ञान पर अवलम्बित है और आत्मा में आचाय-गुण-लब्धि का प्राकट्य होता है। यदि संघ के अर्पण करने मात्र से आचार्य पद की योग्यता आजाती हो तो 'अरिहंत' पद की योग्यता आ जानी चाहिये न ? किन्तु संघ के पद अर्पण करने से योग्यता नहीं आती, प्रत्युत अपनी आत्मा की श्रेणी ओर ज्ञानवल से ही पद-प्राप्ति की योग्यता आती है।

आत्म साक्षात्कार संपन्न, अनुभव-ज्ञानी, प्रयोग-वीर प्रभु श्री सहजानंदघनजी के भक्त देश के अनेक प्रान्तो से आते थे। किसी भी धर्म-दर्शन के विषय मे भेद-भाव, खंडन-मंडन वहाँ नहीं था। उनके पास गच्छ-मत का आग्रह भी नहीं था। वे कहते-किसी भी धर्म या मत-पंथ को मानो पर आत्मा को पहिचानो! आत्मा की समझ पूर्वक जो कुछ करोगे वही मोक्ष के प्रति जाने का मार्ग है। वे सर्वात्म में समदृष्टि रखते। उसके हृदय में

एक ही "सवि जीव करूं शासन रसी" की भावना प्रबल थी। इसी कारण उन्होंने मात्र दिगम्बर-श्वेताम्बर सम्प्रदाय का ही नहीं पर समस्त गच्छ-मतामतों और सम्प्रदाय वालों का समान प्रेम-भक्तिभाव प्राप्त किया था। अनेक सम्प्रदाय, गच्छमत वाले भक्त परमपूज्य प्रभुजी के व्याख्यान को ध्यान-पूर्वक सुनते और आनंद अनुभव करते।

परमपूज्य प्रभु का दीक्षा नाम 'भद्रमुनि' था किन्तु वे अपना 'सहजानंदघन' नाम से परिचय देने लगे, जिस का अर्थ इस प्रकार है—सहजानंदघन=सहज+आनंद+घन सहज=सह+ज अर्थात जिनकी उत्पत्ति किसी भी कारण को लेकर नहीं, किन्तु सहज है, स्वाभाविक है, जो जन्म-मरण के बन्धनों से रहित है वह=आत्मा ऐसे सहज=आत्मा का आनंद-अपूर्व आनंद वह सहजानंद। इस आत्मानंद को जिसने ठोस रूप में घन रूप में अनुभव किया है वह 'सहजानंदघन' यह नाम उनके उत्कृष्ट आत्मज्ञान का ही द्योतक है न?

परमपूज्य गुरुदेव का शास्त्रज्ञान अत्यन्त विशाल था। षड् भाषा व्याकरण, काव्य कोष, छंद, ज्योतिष, अलंकार शास्त्र आदि के वे विद्वान थे। इसी प्रकार श्वेताम्बर, दिगम्बर व अन्य दर्शनो का भी उन्होंने गहराई के साथ वाचन, मनन और चिन्तन किया था। वे विविध ग्रन्थों का वाचन जिज्ञासा पूर्वक करते। इसी वाचन के सन्दर्भ में परमपूज्य प्रभु 'श्रीमद् राजचंद्रजी' के ग्रन्थ के सम्पर्क में आये। उन्होंने इस ग्रन्थ का वाचन, मनन और

चिन्तन खूब गहराई से किया। अपने आत्मानुभव के आधार पर श्रीमद् राजचंद्र प्रभु के वचन उन्हे यथार्थ लगे और उन्हें अपने गुरुपद में स्थापित कर खुले आम निर्भयता पूर्वक उनका प्रचार व समर्थन करना प्रारम्भ कर दिया।

परमपूज्य गुरुदेव के अनेक लब्धि-सिद्धियां प्रगट थीं, किन्तु वे इस ओर किंचित भी लक्ष नहीं देते। दादासाहब श्री जिनदत्त-सूरि जी आदि अनेक सम्यग्दृष्टि गुरुजनों के प्रति आपकी अनन्य भक्ति थी। दादा साहब ने इन्हे 'तू तेरा संभाल' यह ध्येय मंत्र दिया था और ये ही दादा श्री जिनदत्तसूरिजी परमपूज्य गुरुदेव के पथ-प्रदर्शक थे। अनेक दिगम्बर ग्रन्थों का उन्होंने पद्यानुवाद किया। नियमसार, समाधिमाला, समजसार, ज्ञान-मीमासा, परमात्म प्रकाशादि इसी संग्रह में प्रकाशित हैं। परम कृपालु श्रीमद् राजचंद्रजी की आत्मसिद्धि व अनेक वचनामृतों का आपने हिन्दी व गुजराती पद्यान्तर किया तथा षट् पद पत्र के रहस्य स्वरूप स्वतंत्र पद्य रचना की जो पाठकों के कर कमल स्थित इस ग्रन्थ में प्रस्तुत है।

श्रीमद् आनंदघनजी की चौवीसी के स्तवनों का आपने मन-नीय विवेचन व अर्थ संकलन किया है प्राकृत भाषा, संस्कृत, हिन्दी गुजराती में दादा साहब आदि के स्तोत्र-स्तवन-पद-चैत्यवंदन चौवीसी,स्तुति-चौवीसी आदि पद्य में प्राप्त सभी कृतियाँ इस प्रथम भाग में प्रकाशित हैं। प्राकृत व्याकरण एवं सरल समाधि नामक दो कृतियां गुफावास की एकाकी भावना तथा तीव्र

वैराग्यवश अप्राप्य कर दी। श्रीमद् राजचन्द्र ग्रन्थ में से संकलित 'तत्व-विज्ञान' ग्रन्थ का प्रकाशन हो चुका है।

इस प्रकार के ज्ञानी पुरुष की इस काल में प्राप्ति होने पर भी हम अपनी आत्मा का उद्धार न कर सके तो पुण्यहीनता के सिवा अधिक क्या कहा जाय ? क्योंकि प्रभु तो विश्वास-पूर्वक कहते थे कि—"इस काल में, इस क्षेत्र में आत्मज्ञान-निर्मल ज्ञान नहीं होता यह कथन कायरों का—नपुंसकों का काम है, पुरुषार्थी वीरों के लिए कुछ भी असंभव या दुष्प्राप्य नहीं" सम्राट नेपोलियन ने कहा है कि-असंभव (Impossible) शब्द मेरे शब्द-कोश में नहीं है। पुरुषार्थी के लिए सब कुछ सुलभ है। "जिसे आत्म साक्षात्कार करना हो वह यदि मेरे कथनानुसार वर्त्तन करे तो मात्र छः मास में ही उसे आत्म साक्षात्कार कराउं।"

परमपूज्य प्रभु के इन छाती ठोककर कहे हुए टंकशाली विश्वास युक्त वचनों को समादृत कर इस भारत क्षेत्र में कोई भी भव्यात्मा तैयार नहीं हुआ। ज्ञानियों ने कहा है कि '-ज्ञानी तो मात्र अंगुली निर्देश कर बतावेंगे कि भाई, यह मोक्ष-मार्ग है। किन्तु चलना तो अपने को ही पड़ेगा।' परम-कृपालुदेव ने कहा है कि—"पामेला थी पमाय' प्रज्वलित दीपक से बुझा हुआ दीपक भी जलाया जा सकता है।

'बहुरत्ना वसुन्धरा' परम पूज्य प्रभु ऐसे ही एक रत्न थे। उन ज्ञानी नर-रत्न के नश्वर देह का मोह तो था ही नहीं। इसी लिए वेदनीय कर्म के उदय होने पर भी शरीर पर लक्ष किए

विना वे अपनी आत्म-साधना मे ही लीन रहते थे। ज्वर, सर्दी तथा अर्श जैसे रोगों की कृपा होती तब कर्म भोगने की दृष्टि से उनका हार्दिक स्वागत करते और औषधादि नहीं लेने का आग्रह रखते। उदय में आये हुए कर्मों को खपाकर किस प्रकार शीघ्र स्वधाम-मोक्ष प्राप्त किया जाय। यही उनका ध्येय था तीव्र व्याधि के उदयकाल में भी वे उत्कृष्ट ध्यान समाधि मे लीन आत्मस्थ रहते। जिन्हे देहाध्यास न हो और आत्मा की अलौकिक ज्योति जगमगाती हो, उन्हें शरीर के प्रति लक्ष ही कहा से हो सकता है।

सं० २०२७ मे अर्श रोग का कष्ट बढ़ गया। देशी प्रयोग द्वारा वाह्योपचार से अर्श-मस्सों का आपरेशन किया गया। किंतु प्रभु पर तो वेदनीय कर्म की चिर कृपा थी, आपरेशन से व्याधि को प्रोत्साहन मिला और उल्टियाँ चालू हो गई। किन्तु आत्म-रमण में तल्लीन होने के कारण तथा शरीर के प्रति निर्मोही वृत्ति से औषोधोपचार के उपयुक्त अभाव के कारण अशक्ति बढती ही गई, क्योंकि दिन भर में २०-२५ उल्टियाँ हो जाती, किन्तु ठाम चौविहार का नियम होने से उल्टी होने पर कुल्ला तक करने के लिए भी आपने दूसरी वार मुंह मे पानी नहीं डाला। गुरुदेव इस प्रकार के दृढ़ निश्चयी थे। सं० २०२७ के पर्यूषण पर्व में देह-व्याधि का ख्याल न कर भक्त मण्डल को प्रवचन द्वारा अपनी अद्भुत वाणी में तल्लीन कर देते। व्याख्यान के समय उनका शरीर के प्रति लक्ष नहीं रहता। व्याख्यान समय पूर्ण होने पर

और उनकी अस्वस्थता के कारण कोई भक्त उन्हें व्याख्यान पूर्ण कर देने की ओर ध्यान खींचता तो तुरंत उत्तर मिलता कि-तुम मेरी धारा को मत तोड़ो। शरीर क्या है? इसकी चिंता मत करो! तुम्हे पता है अभी कौन बोल रहा था? इस प्रकार व्याख्यान देते समय उनकी जिह्वा पर शाश्वत सरस्वती का निवास था।

पर्यूषण पर्व के पश्चात् भाद्रपद शुक्ल १५ के बाद उनका शरीर एकदम कमजोर हो गया। उल्टियों ने शरीर का सारा सत्त्व खींच लिया। लगभग सवा महीने तक समाधि दशा में-आत्म रमणता में लीन रहे और निजात्मानंद में मस्त रहे। जब उन्हें सुख शाता पूछी जाती तो उत्तर मिलता—मैं तो अपनी मस्ती में लीन हूं, तुम लोग सब क्यों इस शरीर की इतनी चिन्ता करते हो! शरीर को श्मशान की मिट्टी समझ कर उस ओर कभी उन्होंने मोह नहीं किया। उन्होने स्वरचित पद लिखा है कि—

"हुं तो आत्म छुं, जड शरीर नथी
शरीर मसाण नी राख नो ढगलो, पलमा विखरे ठोकर थी···"

सचमुच ही आपने इन पंक्तियो को सार्थक बताया।

ऐसे ज्ञानी सद्गुरु का वियोग असमय में ही अनभ्र वज्रपात की भाँति आ पड़ा। मिती कार्त्तिक शुक्ल २ सं० २०२७ रविवार की रात्रि में २-२५ बजे इन जगत्पूज्य महात्मा ने नश्वर देह का त्याग कर स्वधाम की ओर महा प्रयाण किया। महाविदेह में विराजमान हुए। इन्होंने स्वयं अपने एक पद में लिखा है—

"शेष आयु वितावी तारी भक्ति मां हो राज
आयु अंत आवीश तुझ पाज रे……
भवना समुद्र ने काठड़े……

निर्वाण के समय प्रभु के शरीर का तौल मात्र २२ किलो ही रह गया था। भक्त लोग कहते कि "शरीर कितना कृश हो गया है? "तो परमपूज्य प्रभु उत्तर देते "भार कम उठाना पड़ेगा!" यह उक्ति सत्य ही प्रमाणित हुई। ऐसे दुष्प्राप्य आत्मज्ञानी सद्गुरु का असह्य विरह पुण्योदय के अभाव में ही सभी मुमुक्षु भक्त गण को सहना पड़ता है—विधि का वैचित्र्य!

प्रभुकी अमर, अनन्तज्ञानी आत्मा के पास यही प्रार्थना है कि—

"हमें शीघ्र आत्मज्ञान हो।"

"नहीं मांगु प्रभु राज ऋद्धिजी, नहीं मागुं गरथ भंडार,
हुं मांगुं प्रभु अेटलुं जी, तुम पासे अवतार!"

प्रभु! हम बालकों पर दया-दृष्टि-कृपादृष्टि रखें! यही प्रार्थना! यही अभ्यर्थना!

संत चरणरज
कुमारी चंदना काराणी

श्रद्धांजलि

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम, हम्पी के संस्थापक परम वंदनीय श्री सहजानंद जी महाराज भारतीय संस्कृति के एक अत्यन्त उच्चकोटि के संत-महात्मा थे। उनका त्याग व तपोमय जीवन, सदा आनन्दी स्वभाव व आत्मा व देह का भेद-विज्ञान उनकी आकृति से ही स्पष्ट झलकते थे, और सब लोग बड़े प्रभावित होते थे।

उनकी वाणी का एक-एक शब्द करोडों रुपयों का था और चिन्तन करने के योग्य था। ऐसे महापुरुषों की एक घड़ी की संगति कई वर्षों के अध्ययन से ज्यादा लाभदायक होती है।

पिछले कई महीनों से आपकी तबियत अस्वस्थ रही। व्याधि का भयंकर प्रकोप रहा, मगर आपने जिस अपूर्व समता व सहनशीलता के साथ उसका मुकाबला किया वैसे करने वाले संसार में विरले ही होंगे। आपकी कई चिट्ठियों में जो मेरे पास उन दिनों में आया करती थी, ये ही लिखा था कि "शरीर पर तो व्याधिदेव की कृपा है जिससे अस्वस्थ है मगर मेरी आत्मा तो सदा स्वस्थ व प्रसन्न है।

आपने इस बीमारी में श्रीमद्राजचंद्र का निम्न लिखित पद Practical रूप से चरितार्थ करके दिखला दिया था—

"देह छतां जेनी दशा, वर्त्ते देहातीत
ते ज्ञानी ना चरणमां, हो वंदन अगणित"

आज आपका भौतिक शरीर तो संसार में नहीं रहा, मगर उनका आध्यात्मिक शरीर कायम है और कायम रहेगा और संसारी जीवों को प्रकाश-स्तम्भ की तरह प्रेरणा व मार्ग-दर्शन युगों युगों तक देता रहेगा।

इतनी उच्चकोटि की महान् आत्मा को श्रद्धाजलि के रूप में मेरे वारंवार नमस्कार!

मगरूपचन्द भण्डारी

ता० १४।२।७१ — रिटायर्ड डिस्ट्रिक व सेसन्स जज
मोती चौक, जोधपुर, — जोधपुर,

अज्झत्त तत्तस्स सुपारगामी एगावयारी पूइय सुरिंदो।
मुणींद मउडो सुजुगप्पहाणो गुरुवरो सहजाणंद णामो ॥१॥
निव्वाणपत्तो सुसमाहिजुत्तो कत्तीय धवले बीया तिहीए।
निच्छत्त जाओ इय भरहखित्तो धम्मस्सएगो सायार रूवो॥२॥
खेयेण खिन्नो सुसुमुक्खु संघो जाओ निरालंब समग्ग लोओ।
विदेह खित्तट्ठिय ते महप्पा भत्ताण देहिं निव्वुइ सुसत्ती ॥३॥

—भँवरलाल नाहटा



योगीन्द्र-युगप्रधान महामहिम

श्री सहजानंदघन गुरुदेवाष्टकम्

भद्र. सद्गुरु वर्य पूज्य सहजानंदः सदा राजत
आत्मज्ञो निखिलार्थ बोध निपुण. कारुण्यमूर्त्तिमहान्
देवै. पूजित पादपद्म विमलश्चेन्द्रादिभिः सर्वशो
वन्देऽहं विनयेन तं गुरुवरं श्री भावितीर्थङ्करम् ॥१॥
मान्योय. शुभकच्छ देश विषये डुम्राभिधे मण्डल
ऊकेशे परमार वंश सुवरे श्री नागजी श्रेष्ठिनः
गेहे श्री नयनोदरान्नु समुत्पन्नो वरेण्यः प्रभुः
वन्देऽहं विनयेन तं गुरुवरं श्री भावि तीर्थङ्करम् ॥२॥
प्राग्जन्मार्जित साधना स्मृति वशाच्छ्री सोहमय्यापुरि
घोषेणाब्धि विमोहकेन गगनाज्जातेन य. प्रेरित.
त्यागेप्सुर्जिनरत्नसूरि गुरुणा सौम्येन संदीक्षितो
वन्देऽहं विनयेन तं गुरुवरं श्री भावितीर्थङ्करम् ॥३॥

ज्ञानालोक युतेन लब्धिमुनिना ज्ञानाम्बुधौ स्नापितो
वर्ष द्वादशकं च यो गुरुवरैः सार्द्धं सदाराजितः
नाना क्लेश युतेच घोर तपसा पश्चाद्गिरौ संस्थितो
वन्देऽहं विनयेन तं गुरुवरं श्री भावि तीर्थङ्करम् ॥४॥
आमेटेडर पह्नि मुल्कलसरपींकेश पावापुरी
गोकाकेषु च कन्दरासु कठिनं मौनं सुतप्तं तपः
वर्षाणां त्रितयं च येन मुनिना स्तुत्येन मान्येन वै
वन्देऽहं विनयेन तं गुरुवरं श्री भावितीर्थङ्करम् ॥५॥
ऊणं श्री शिववाटिकोदयसर ग्रामेषु वै वोरडौ
धर्मोद्योत करेण येन च मुदा यात्रा कृता पावनी
श्री सीमंधर नोदितैर्युगवरोपाधि. प्रदत्तः सुरै
येस्मैतं प्रणमामि भक्ति भरितः श्री भावि तीर्थङ्करम् ॥६॥
प्राप्ते पावन रत्नकूट विदिते कर्णाट देशे नगे
स्थाने सद्गुरु पूर्व जन्म विदिते दिव्ये शुभे भूषिते
श्री मद्राज विराजितेन्दु विमलः संस्थापितो ह्या प्रभो
वन्देऽहं विनयेन तं गुरुवरं श्री भावि तीर्थङ्करम् ॥७॥
अब्दे पाण्डव युग्म विंशति शते श्री पौषमासे शुभे
पूर्वार्द्धे सुखदे त्रयोदश दिने भौमेच वारे वरे
अल्पज्ञ भ्रमरेण ह्यष्टक मिदं भक्त्या प्रणीतं मुदा
भव्येभ्यः परितोषदं प्रियकरं पुण्यैक सम्वर्द्धनम् ॥८॥

—:०:—

युगप्रधान सद्गुरु स्मृति गीत

हम्पी के योगी कहा तुम गये हो,
आत्मा का दर्शन कराते-कराते ॥

क्रिया जड़ बना जो तीर्थप का शासन
मार्ग से कोशों भटक के विपथग
उन्हें राह सम्यक् दिखाने के हेतु
हुए अवतीर्ण हे युग के प्रवर्त्तक

करी दीर्घ साधना गिरि कन्दरा में
आत्मा की ज्योति जगाते-जगाते ॥१॥

ज्ञाता द्रष्टा महाव्रत संयुत
भव भव में साधन किया संयमरत
लब्धि सिद्धयादि अतिशय धारी
रहे जिनके चरणों में देवेन्द्रादि भी नत

केवल तपःपूत साधन प्रयोगी
शान्त-सुधारस नहाते नहाते ॥२॥

इन्द्रिय मनका भावात्म निग्रह
नहीं साम्प्रदायिक भेदादि आग्रह
अध्यात्म ज्ञान की कुंजी के धारक
कर्मक्षयार्थ किया था अभिग्रह

कठिन तप ध्यानादि में रत अहर्निश
प्रेम की गंगा बहाते-बहाते ॥३॥

सीमंधर प्रभु युगप्रवर पद
क्षयोपशम से गहन ज्ञान संपद
गुरुराज जिनदत्त आदि से प्रेरित
तू तेरा संभाल मंत्रैक सुविशद

आत्मिक प्रसादी लगे बांटने जो
अतिशय वाणी सुनाते सुनाते ॥४॥

न सोचा था इतनी जल्दी करोगे
महाविदेह जाने की तैयारी
पंचमकाल के हम हैं अभागे
पाया न तुमको हे आत्म-विहारी

समता से कष्ट सहे आत्मानंदी
विदेही गुणों में समाते समाते ॥५॥

बनो हमारे सहायक प्रभु तुम
अनंत गुणों का अंश पावें हम
कृपालु तुम्हारी कृपा जो रही है
अनंत आशीर्वच यद्यपि अपात्र हम

निकालो 'भँवर' से नैया हमारी
समकित पतवार दो ज्यों पार पाते ॥६॥




नियमसार-रहस्य का समर्पण

आ कालमां जेमनुं अवतरण अगियारमा 'अच्छेरा' रूप हतुं जेओ
मुमुक्षुओना त्रिविध-तापने हरवामा साक्षात् 'अमृतसागर' हता,
जेओ दुषम-कालना साधकोना दुर्भाग्य ने दूर करवा मां
साक्षात् 'कल्पवृक्ष' हता, प्रवर्त्तमान श्री वीर-मार्ग
जिन-मार्ग नो उद्योत करवा मा साक्षात् 'महावीर'
हता, आश्रितोनी चित्तवृत्ति ने
विश्राम आपवामा जेओ साक्षात्
'श्रीराम' हता, जेओ व्यवसाय
मां होवा छतांय
विदेही हता;
लब्धि स्वरूप
जेओना परमागमना
मनन थी अगम एवो
अनुभव-मार्ग आ पतित पामर ने
सुगम थयो, स्व-स्वरूप प्रत्ये अनन्यभक्ति
उपजी, ते सहजात्म-स्वरूप परम गुरु शुद्ध
चैतन्य स्वामी ज्ञानावतार श्रीमद् राजचंद्रदेव ना पतित-
पावन चरणारविंदमां निष्कपट-उल्लसित-अनन्य-भक्तिए आ
नियमसार-रहस्य मयी भाव-पुष्पांजलि समर्पणहो, ॐ शांतिः ३
ॐ आनंद आनंद आनंद

सहजानंद

प्रकट सत्पुरुष परमकृपालुदेव श्रीमद् राजचंद्रजी



[जिनके पद पृ० ५६ से ६६ व अनुवादादि पृ० ७० से १०२]

गुरुदेव श्री सहजानन्दघन जी महाराज के पथ प्रदर्शक

"तू तेरा सम्भाल"



योगीन्द्र युगप्रधान दादा श्री जिनदत्तसूरि जी

[जिनके स्तोत्र स्तवनादि पृ० ४२ से ४६ तक]

सम्पादकीय

अध्यात्म जगत् के महान् ज्योतिर्धर, विश्ववंद्य, परमपूज्य, प्रात. स्मरणीय, महोपकारी योगीन्द्र-युगप्रधान सद्गुरु-शिरोमणि, अखण्ड आत्मोपयोगी, संत-श्रेष्ठ श्री सहजानन्दघन जी महाराज भारतीय अध्यात्मिक परम्परा की एक विरल विभूति थे। स्वरूप प्राप्ति की उत्कट तमन्ना वाले प्रयोग-वीर पुरुषार्थी, त्याग वैराग्य की साकार मूर्त्ति, आप जैसे महापुरुष सैकड़ों वर्षों में इने-गिने ही उत्पन्न होते हैं, जिनके वल पर आर्यावर्त्त को जगद्गुरु पद पर प्रतिष्ठित होने का सौभाग्य प्राप्त है। महापुरुषों के योगवल से ही विश्व तंत्र संचालित-संरक्षित रहता है। आपके महाप्रयाण से अध्यात्मिक जगत् की एक अपूरणीय क्षति हुई है।

आपने अपना साधनाकाल भारत के विभिन्न प्रान्तों के जंगल-पहाड़ो में विताया और लोक-प्रसिद्धि से दूर रहे। रूढ़ि-वादी दुषमकाल में उन्हें थोड़े ही व्यक्ति पहिचान पाये क्योंकि आप सम्प्रदायातीत महापुरुष थे। गत वीस वर्षों में मुझे अनेक-वार आपके सम्पर्क में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और मैंने समय-समय पर आपकी अभिव्यक्तियों को संग्रह करने की चेष्टा भी की है। रचनाओं के साथ साथ सैकड़ों पत्र एवं मौनकाल में लिख कर दी हुई विकीर्ण पत्राङ्कित पंक्तियों को भी अमूल्य निधि

की भाँति संभाल कर रखने का प्रयत्न किया है। कुछ प्रवचन भी नोट किए जिन्हें 'कुशलनिर्देश' में निकाले एवं 'अनुभूति की आवाज़, नामक एक अपूर्व कृति को भी इसी में धारावाहिक रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। अवशिष्ट कृतियों के साथ-साथ प्रभु के जीवन वृत्त को विस्तार पूर्वक मुमुक्षु जनता के समक्ष रखने की प्रबल भावना होते हुए भी जब अपनी अयोग्यता की ओर ध्यान देता हूँ तो लेखनी कुण्ठित हो जाती है, कहाँ वे सर्वोच्च महापुरुष और कहाँ मैं पामर प्राणी, फिर भी इन्हीं से परमपूज्या आत्मज्ञानी योग-लब्धि-संपन्न महिमामयी माताजी के आशीर्वाद व प्रेरणा से इस ओर प्रवृत्ति हुई है। गुरुदेव के अनन्य भक्त पूज्य काकाजी शुभैराजजी, मेघराजजी व अगरचंदजी नाहटा की निरन्तर प्रेरणा से ही संग्रहगत कृतियों में से पद्य विभाग को "सहजानंद-सुधा" के प्रथम भाग रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।

मुख्य कार्य तो गुरुदेव के पावन जीवनचरित्र को विस्तार से प्रकाश में लाने का है। जो परमपूज्या माताजी के कृपापूर्ण आशीर्वाद व शक्ति प्रदान करने पर ही संभव होगा। इस ग्रन्थ के साथ गुरुदेव का सार-गर्भित संक्षिप्त जीवन परिचय जो आदरणीया विदुषी कुमारी चन्दना बहिन काराणी M. A. Lib Sc. द्वारा गुजराती में लिखित है, का हिन्दी भाषान्तर प्रकाशित किया जा रहा है।

गुरुदेव की गद्य रचनाएँ, प्रवचन संग्रह, पत्र सदुपदेश और दिव्य वाणी का संग्रह दूसरे भाग मे देने की भावना है।

गुरुदेव की प्राथमिक रचनाएँ, जब वे साधु-समुदाय के साथ विचरते थे, तब सं० २००० में 'भद्र पुष्पमाला' नाम से व सं० २००३ में गुजराती 'पंच प्रतिक्रमण सूत्र' में पर्यूषणादि के स्तवन एवं दादा-साहब का मंत्र-गर्भित प्राकृत स्तोत्र पूज्य गणिवर्य श्रीबुद्धिमुनिजी महाराज ने प्रकाशित करवाये थे। श्री जिनरत्नसूरि जी की जीवनी 'रत्नप्रभा' एवं उपाध्याय श्री लब्धिमुनिजी की जीवनी मे भी आपकी कुछ कृतियाँ छपी हैं। चैत्यवन्दन चौवीसी तथा कुछ फुटकर पदादि कई पुस्तकों में प्रकाशित हुए थे। हमने कुछ पद 'जैनभारती' मासिक में एवं आत्मसिद्धि शास्त्र के गुरुदेव कृत हिन्दी पद्यानुवाद के साथ कुछ पद सं० २०१४ में प्रकाशित किए। श्री केशरीचंदजी धूपिया ने कुछ पद, चैत्यवंदन 'आत्म जागृति' में एवं नियमसार-रहस्य को नवपद तप आराधन विधि में प्रकाशित किए हैं।

सं० २०१० में जब पूज्य गुरुदेव पावापुरी में चातुर्मास स्थित थे तब कुमारी सरला (जिसका पावापुरी में समाधिमरण हुआ) के लिए समाधि-शतक की रचना की थी। मैंने गुरुदेव की आज्ञा से 'जैन भारती' मे प्रकाशित करवाया था। इस संग्रह मे पूज्य गुरुदेव के निर्देशानुसार उसका नाम 'समाधिमाला' रखा गया है।

मैंने इस ग्रंथ की प्रेस कापी दो वर्ष पूर्व तैयार कर ली थी, फिर माताजी ने कुमारीचंदना द्वारा गुजराती में की हुई प्रेस कापी भेजी पर मेरी प्रेस कापी में सारी कृतियाँ थी ही अत. उसे ही प्रेस दे दिया। इसके प्रकाशन क्रम में पहिले चैत्यवन्दन, स्तुति,

स्तवन, दादासाहब व गुरुजनों के स्तवन, परमकृपालु देव श्रीमद् राजचंद्रजी के प्रति गुंफित भक्तिपद, उनकी वाणी के पद्यानुवाद आत्मसिद्धि (हिन्दी), षट्पद रहस्य पद व फुटकर पद संग्रह देने के पश्चात् श्री जिन रत्नसूरि गहूँली आदि छूटी हुई कृतियाँ देकर अन्त में समजसार, ज्ञान-मीमासा, परमात्म-प्रकाश-जिनकी अपूर्ण रचनाएँ जिस रूपमें मेरे पास थी, दे दी गई है। अन्त में समाधि-माला व नियमसार-रहस्य दिया गया है। इन सब में नियमसार-रहस्य एक उत्कृष्ट रचना है। इस प्रकार इस ग्रन्थ में गुरुदेव की समस्त उपलब्ध पद्यबद्ध रचनाएँ प्रकाश में आ गई हैं। पर कई कारणों से क्रम ठीक नहीं रह सका।

पूज्यगुरुदेव ने श्रीमद् देवचंद्रजी की कुछ अप्रकाशित कृतियों को बहुत वर्ष पूर्व गुजराती में प्रकाशित करवाया था। फिर श्रीमद् राजचंद्र जी के विशिष्ट वचनामृतों का संकलन 'तत्त्वविज्ञान' के नाम से एवं 'उपास्य पदे उपादेयता' भी लिख कर प्रकाशित करवाई। पूज्य श्री ने श्रीमद् आनंदघनजी महाराज कृत चौवीसी का महत्त्व-पूर्ण भावार्थ लिखा व उनके पदों की अर्थ संकलना भी प्रारम्भ की थी। श्रीमद् देवचंद्रजी की सभी कृतियों को सुसम्पादित कर प्रकाशित-प्रचारित करने की प्रवल प्रेरणा की एवं उसे स्वयं देखकर संशोधित कर देने की कृपा पूर्वक स्वीकृति के साथ मंग-वाया पर शारीरिक अस्वस्थता के कारण वह कार्य सम्पन्न न हो सका। हमारी 'ज्ञानसार ग्रन्थावली' का प्रकाशन भी आपकी ही प्रेरणा का सुफल है। दादा श्रीजिनदत्तसूरिजी कृत 'उपदेश कुलक'

—जिसे हमने उसलमेर ज्ञान-भण्डार से लाकर प्रकाशित किया था-आपको बड़ा प्रिय था। उससे आपके विचारों को बड़ा बल मिला, उस ग्रन्थ का अनुवाद भी आपने करवाया था।

गुरुदेव अपने सम्बन्ध में किसी को कुछ लिखने नहीं देते थे, माताजी को भी मनाई थी। सं० २०२२ के पर्युषणों में मैंने माता जी की आज्ञा प्राप्त कर कुछ पद्य रचनाएं की जिन्हें तत्काल 'सहजानन्द-संकीर्त्तन' नाम से प्रकाशित कर दीं। उनके महाप्रयाण के पश्चात् श्री प्रतापकुमार टोलिया ने अंग्रेजी "जैन जर्नल" में, अगरचंदजी नाहटा ने जैन-जगत् में, कुमारी चंदना वहिन ने जोधपुर के पार्श्वनाथ मन्दिर की स्मारिका में व मैंने मणिधारी श्री जिनचंद्रसूरि अष्टमशताब्दी स्मृति-ग्रन्थ में प्रकाशित "खरतर गच्छ की क्रान्तिकारी और अध्यात्मिक परम्परा" लेख में उनका कुछ परिचय प्रकाशित किया। अहमदाबाद के परमभक्त साक्षरवर्य श्री लालभाई सोमचन्द शाह ने "सहजानन्द-विलास" नाम से वृहद् ग्रन्थ लिखा है जिसमें गुरुदेव के प्रवचन, पत्र, संस्मरण और वाणी का विशद संग्रह है। इसकी पाण्डुलिपि ता० २५-३-७१ को लिखी हुई अवतक अप्रकाशित है।

प्रस्तुत 'सहजानंद-सुधा' का प्रथम भाग परमपूज्या प्रातः स्मरणीया माताजी की आज्ञा से श्रीमद् राजचंद्र आश्रम, हम्पी द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है। आश्रम के मंत्री श्री घेवरचंद जैन एवं गुरुदेव की वाणी के रसिक श्री विजयकुमारसिंह जी बडेर, श्री सुन्दरलालजी पारसान, श्री केशरीचंदजी धूपिया,

श्री रतनलालजी वदलिया, श्री कान्तिलाल नेमचंद, राजवैद्य श्री जसवन्तराय जी जैन आदि कलकत्ता एवं श्री अनोपचंदजी झावक, श्री प्रतापकुमारजी टोलिया आदि भक्तजन जो इस ग्रन्थ के शीघ्र प्रकाशन के हेतु चिरप्रेरणा करते आये हैं, धन्यवाद के पात्र हैं। पूज्य काकाजी श्री मेघराज जी व श्री अगरचंदजी नाहटा की सतत् प्रेरणा व अमूल्य सहयोग इसके प्रकाशन में मुख्य कारण हैं। गुरुदेव के अनन्य भक्त जोधपुर निवासी माननीय श्री मगरूपचंद भंडारी (रिटायर्ड डिस्ट्रिक व सेसन्स जज, जोधपुर) महोदय की श्रद्धांजलि सादर प्रकाशित की जा रही है। परमपूज्या माताजी के आशीर्वाद से इसका दूसरा भाग व विस्तृत जीवनी भी शीघ्र प्रकाश आवे, ऐसी भावना है। दृष्टि-दोष से प्रस्तुत ग्रन्थ में रही अशुद्धियों के लिए क्षमाप्रार्थी हूं। पाठक गण अन्त में दिये गए शुद्धि पत्रक से संशोधन कर पढ़ने का कष्ट करें।

महापुरुषो की दिव्य अध्यात्मिक जीवनी, अपूर्व वाणी तथा अलौकिक घटनाओं का जो उल्लेख इस ग्रन्थ, जीवनी तथा श्रद्धांजलि रूप में प्रस्तुत है, अनुभूति के मार्ग में प्रवेश के विना या श्रद्धान्वित हुए विना उसे हृदयंगम करना कठिन है। अतः मेरा अनुरोध है कि जिन्हें उस पर विश्वास न हों वे तटस्थ रहें, क्योंकि ज्ञानी की विराधना से चिकने कर्म-बंध होते है।

यह ग्रन्थ प्रकट-महापुरुष की सबीज वाणी है, इसका स्वाध्याय, मनन मुमुक्षुओं को आत्म-बोधकारी हो, यही शुभ-कामना! इस ग्रन्थ का प्रकाशन व्यय स्वर्गीय श्री धन्नूलाल जी पारसान की स्मृति में उनके सुपुत्रों पारसान-बन्धुओ ने वहन किया है अतः उन्हें अनेकश. साधुवाद!

—सद्गुरु चरणोपासक
भँवरलाल नाहटा

—समर्पण—

योगीन्द्र युगप्रधान प्रकट संत सद्गुरु शिरोमणि परमपूज्य
श्री सहजानन्दघनजी महाराज की अनन्य सेविका,
श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम हम्पी की संचालिका,
जाग्रत ज्योति आत्मज्ञानी परमपूज्या माताजी के
कर कमलों में
परमपूज्य गुरुदेव
की अनुपम वाणी रूप यह ग्रन्थ
गुरुदेव के परम भक्त हम्पी आश्रम
में समाधिमरण प्राप्त परम सरल स्वभावी
धर्मनिष्ट हमारे परमपूज्य पिताजी
श्री धन्नूलालजी पारसान की पावन स्मृति में
सादर समर्पित

—पारसान बन्धु—

श द ख्व ग अ ता न ह्य ग स्म सी

म
२३

हि ठ ठ य भ्र श न न ति हि

जि च र त य म भ ज वि ज्ञा

न
२३


अ रि व ख ह श्र र ध ध र त ज्ञा

 पृ० १५५ में प्रकाशित दो चित्र काव्य



परमपूज्या आत्मज्ञानी माताजी श्री धनदेवी

माताजी को गुरुदेव के चरणों में लाने में प्रेरक
सं० २०१० पावापुरी में समाधिमरण प्राप्त



कुमारी सरला (सच्चिदानन्द कुमार देव)
सुपुत्री पुरुषोत्तम प्रेम जी पौंडा वकील, दहाणुं

—अनुक्रमणिका—

०४

शुद्धि पत्रक

पृ०	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१६	६	वरवाण	वखाण
१६	११	सछहे	सद्दहे
१६	१३	जिनेश्चर	जिनेश्वर
३०	१६	परमे	पामे
३०	२१	शुदे	शुद्धे
५३	३	वीजिन	वीरजिन
५४	१	शिल्य	शिष्य
५४	१३	तल्लंघवी	उल्लंघवी
५५	८	श्रुणे	थुणे
६०	१४	१-८-७३	१-८-६३
६६	१३	दथालु	दयालु
७०	२२	३३४	६३४
७१	१०	गुरुराज	अहो गुरुराज
७२	१	हच्छा	इच्छा
७२	२	अशा	(अधिक है)
७६	२	अतन्त	अनन्त
७७	२२	रामचन्द्र	राजचन्द्र

७६	६	समर्शिता	समदर्शिता
८०	१२	निपेक्ष	निरपेक्ष
१०६	६	मवो	भवो
१०८	१	र्णवा	वर्ण
१०९	१२	व्चाकरणी	व्याकरणी
१११	५	खजन	स्वजन
११३	३	खया	खाय
११४	४	ध्यान	ध्यान न
१४३	१६	अप्रिह	अप्रिय
१६६	१३	ध्याख्यानी	व्याख्यानी
१६७	१६	—र्म	धर्म
१८६	८	धाय	थाय
१८८	४	जणो	जाणों
१९१	१०	चेतत	चेतन
१९२	१२	कर्न	कर्म
१९८	१९	रकपू	पूरक
२०१	१६	मविष्य	भविष्य
२३९	११	रही	(अधिक है)
२३९	२१	जनाकर	जलाकर
२४०	४	भविमां	भाविमां

ॐ

सहजानन्द सुधा

भाग—१

सहजानन्द पदावली

चैत्य-वन्दन—चोवीसी

सं० २००४ चैत्री विक्रम
मोकलसर गुफा०

ऋषभ चै० १

सिद्ध-ऋद्ध प्रगटाववा, प्रणमुं आदि-जिणंद,
अशुद्ध योगो त्रय तजी, प्रशस्त-राग असंद· १
केवल अध्यातम थकी, तप जप किरिया सर्व,
भवोपाधि भ्रम नवि टले, वधे शुष्कता गर्व···२
कारण-कर्त्तारोप थी, पराभक्ति प्रगटाय,
दोष टले दृष्टि खुले, सहजानंदघन थाय· ३

अजित चै० २

अजित शत्रु-गण जीतवा, अजितनाथ प्रतीत,
विलोकुं तुझ पथ प्रभो। यूथ-भ्रष्ट मृग-रीत···१

अंध परंपर चर्म-दृग, आगम तर्क विचार ;
तजी भाव-योगी भजत, प्रगट बोध निरधार· ·२
तीर्थंकर ने संत मां, ध्येये भेद न कोय ;
सत्पुरुषार्थे सेवतां, सहजानंदघन होय· · ·३

संभव चै० ३

स्व-स्वरूप प्रगटाववा, सेवुं संभव देव ;
सतत रोमांचित थिर-मने, सत्पुरुषारथ टेव · ·१
सदा सुसंताधीन करी, कार्य देह-मन-वाक् ,
सेवन थी सहेजे सधे, भवस्थिति नो परिपाक· · ·२
ध्येये ध्यान एकत्वता, बीजी आश निराश ,
असंभव रही संभवे, सहजानंदघन वास· · ·३

अभिनन्दन चै०

लहुं केम स्याद्वाद मय, अनेकान्त शिव-शर्म ,
स्वानुभूति कारण परम, अभिनंदन तुझ धर्म· · ·१
नय-आगम-मत-हेतु-विख,-वाद थकी नवि गम्य,
अनुभव संत-हृदय वसे, तास सुवास सुगम्य· · ·२
असंत-निश्रा भ्रान्तिदा, टाली सकल स्वच्छंद ;
संत कृपाए पामिए, सहजानंदघन कंद· · ·३

सुमति चै० ५

आतम अर्पणता करूं सुमति चरण अविकार ;
वामादिक गुरु-अर्पणा धर्म-मूढता धार· · ·१

इन्द्रिय नोइन्द्रिय थकी, पर-उपयोग प्रसार ;
प्रत्याहारी स्थिर करो, संत स्वरूप विचार ··२
आत्मार्पण सद्रुपाय छे, सहजानंदघन पक्ष ,
सहज-आत्म स्वरूपए, परमगुरु थी प्रत्यक्ष · ३

पद्मप्रभ चै० ६

सत्ताए सम ते छता, तुझ-मुझ अंतर केम ,
अहो **पद्मप्रभु** ! कहो, स्हेजे समजुं तेम···१
व्यतिरेक-कारण गही, तूं भूल्यो निज भान ,
अन्वय-कारण सेवता, प्रकटे सहज निधान·· २
अन्वय-हेतु ज्या प्रगट, ते संताधिन सेव ,
अनहद ज्योति जगमगे, सहजानंदघन देव·· ३

सुपार्श्व चै० ७

सहज सुखी नी सेवना, अवर सेव दुख हेत ,
घन-नामी सत्ता अहो ! **सुपारस** संकेत···१
पारस मणिना फरस थी, लोहा कंचन होय
पण पारसता नहिं लहे, संत मणि न सम दोय··२
सुपारस प्रभु सेव थी, सेवक सेव्य समान ,
अनुभव गम्य करी लहो, सहजानंदघन थान···३

चन्द्रप्रभ चै० ८

सुण अलि शुद्ध चेतने ! चन्द्र-वदन **जिन-चन्द्र** ;
तुं सेवे सर्वांगता, निशि-दिन सौख्य अमंद···१

काल अनादिय मूढ-मति, पर-परिणति-रतिलीन,
संत-प्रभुनी सेवना न लही सुदृष्टि-हीन ···२
सखि ! कृपा करी प्रभु तणा, कराव दर्शन आज ;
योगावंचक करणी ए, सहजानंदघन राज· ·३

सुविधि चै० ६

उभय शुचि भावे भजी, पूजत सुविधि जिनेश ,
प्रसन्न चित्त आणा सहित स्व-स्वरूप प्रवेश · १
अंग अग्र ए निमित्त छे, उपादान छे भाव ,
प्रतिपत्ति-पूजा तिहां, प्रगटे शुद्ध स्वभाव·· २
शुद्ध स्वभावी संतनी, सेव थकी लही मर्म ;
स्वरूप सेवन थी लहो, सहजानंदघन धर्म···३

शीतल चै० १०

भासे विरोधाभास पण, अविरोधी गुण-वृन्द ;
शीतल हृदये ध्यावतां, नाशे भव भ्रम फंद···१
स्वरूप रक्षण कारणे, कोमल तीक्ष्ण भाव ,
उदासीन पर-द्रव्य थी, रहिअे आप स्वभाव···२
स्वानुभूति अभ्यास ना, अनन्य कारण संत ,
सहजानंदघन प्रभु भजी, करो भवोदधि अंत· ·३

श्रेयांस चै० ११

भाव अध्यातम पथमयी, श्रेयांस सेवा धार ;
हठ योगादिक परिहरी, सहज भक्ति-पथ सार···१

देह-आत्म-क्रिया उभय, भिन्न म्यान असि जेम,
जड किरिया अभिमान तज, संवर किरिया प्रेम · २
ज्ञानादि गुण वृन्द पिण्ड, सोहं अजपा जाप,
संत कृपा थी पामिए, सहजानंदघन आप · ३

वासुपूज्य चै० १२

वासुपूज्य-जिन सेवना, ज्ञान-करम फल काज,
करम करम-फल-नाशिनी, सेवो भवोदधि पाज···१
निज पर शुद्धि कारणे, भजिए भेद विज्ञान,
निज-निज परिणति परिणम्ये, प्रगटे केवलज्ञान···२
स्वरूपाचरणी संत छे, भावलिंग विश्राम,
भेदज्ञान पुरुपार्थ अे, सहजानंदघन ठाम·· ३

विमल चै० १३

झगमग ज्योति विमल प्रभु, चढी अलोके आज,
हृदय-नयण निरख्या अहो ! भांग्यो विरह समाज ..१
दिव्य-ध्वनि अनहद सुणी, अति नाचत मन मोर;
सुधा-वृष्टि पाने छक्यो, करत पपैयो शोर ··२
उछलत सुख सायर तरल, लीन थयो मन-मीन,
संत-कृपा सहजे सध्यो, सहजानंदघन पीन···३

अनन्त चै०-१४

अनंत चारित्र-सेवना, आत्म वीर्य-थिर रूप,
टके न ज्या सुरराय के, भेखधारी नट-भूप ··१

मत-मठधारी लिंगिया, तप जप खप एकान्त,
गच्छधर जैनाभास पण, पर रंगी चित्त-भ्रान्त…२
टक्या सन्त कोई शूरमा, तास सेव धरी नेह ;
अनेकान्त एकान्त थी, सहजानंदघन रेह… ३

धर्मनाथ चै० १५

धर्म-मर्म जिनधर्म नो, विशुद्ध द्रव्य स्वभाव,
स्वानुभूति वण साधना, सकल अशुद्ध विभाव…१
तप जप संयम खप थकी, कोटि जन्मो जाय,
ज्ञानाजन अंजित नयन, वण नवि ते परखाय…२
दिव्य नयन धर सन्तनी, कृपा लहे जो कोइ ;
तो सहेजे कारज सधे, सहजानंदघन सोई…३

शान्तिनाथ चै० १६

सेवो शान्ति जिणंद भवि, शान्त सुधारस धाम,
अवर रसे आधीन जे, तेथी सरे न काम…१
शान्तभाव वण ना लहे, शुद्ध स्वरूप निवास,
लवण-महासागर जले, कदी न बूझे प्यास…२
तेथी शांति-स्वरूप नो, सतत करो अभ्यास ;
सहजानंदघन उल्लसे, सन्ताश्रयणे खास… ३

कुन्थु-चै० १७

कुंथु-प्रभु ! मुझने कहो, मन वश करण उपाय,
जे वण शुभ करणी सही, तुस-खंडन सम थाय… १

अजपा जाप आहार दई, सास दोरडे बांध,
निश दिन सोवत जागते, एज लक्षने साध ...२
अथवा संताधीन था, अवर न कोई इलाज;
गुरुगम सेवत पामिए, सहजानंदघन राज ...३

अरनाथ चै० १८

उभय नय अभ्यासी ने, द्रव्य-दृष्टि धरी लक्ष,
तदनुकूल पर्यय करी, अर-प्रभु धर्म प्रत्यक्ष ...१
भेद-दृष्टि व्यवहारी ने, थइ अभेद निज द्रव्य;
निर्विकल्प उपयोग थी, परमधर्म लहो भव्य २
परम धर्म छे ज्यां प्रगट, सद्गुरु संत नी सेव;
सहजानंदघन पामवा, पुष्टालंबन देव ...३

मल्लिनाथ चै० १६

घाती-घातक मल्लि-जिन, दोप अढार विहीन;
अवर सदोपी परिहरी, थाओ जिन-गुण लीन ...१
जिन-गुण निज-गुण एकता, जिनसेव्ये निज-सेव,
प्रगट गुणी सेवन थकी, प्रगटे आतम देव २
दोपी अदोपी परखिए, संताश्रय धरी नेह,
तो सहेजे निपजाविअे, सहजानंदघन गेह ३

मुनिसुव्रत चै० २०

आतम धर्म जणाय छे, मुनिसुव्रत जिन ध्याइ;
बीजा मत दर्शन घणा, पण त्यां तत्त्व न भाइ ...१

सत्संगी संगी थई, धरिये आतम-ध्यान,
सत्-श्रद्धा लयलीन थई, तो प्रगटे सद्-ज्ञान…२
दृग्-ज्ञाने निज रूप मां, रमतां आतम राम;
रत्नत्रयी नी एकता, सहजानंदघन स्वाम ३

नमि जिन चै० २१

कुल धर्म नास्तिक थई, सत् समझ अनेकान्त;
चिद्-जड-सत्ता नियत छे, सांख्य-योग सिद्धांत · १
अथिर-पर्यय द्रव्य-थिर, नियत सुगत-वेदान्त;
लोक-प्रपंच तजी भजो, अलोक आत्म अभ्रान्त·· २
नमि जिनवर उत्तमांग मा, षट् दर्शन षट्-द्रव्य,
गुरु गम थी आस्तिक बने, सहजानंदघन भव्य ··३

नेमिनाथ चै० २२

वीतरागता पामवा, नेमि-चरण सुविचार,
राग ऋणे-जाने चढ्या, पछी चढ्या गिरनार · १
एक वार रागे बंध्या, छूटे विरला कोय,
माटे राग न कीजिए, वीतराग बण लोय २
काम-स्नेह-दृग्-राग-क्षय, भगवद्-भक्ति पसाय,
सहजानंदघन दम्पति, सति-पति प्रणमुं पाय ३

पार्श्वनाथ चै० २३

चेतन चेतना फरसता, पूर्ण ध्रुव तद्रूप;
चिद्घन मूर्त्ति पार्श्व-प्रभु, केवलज्ञान स्वरूप···१

जगतज्ञान सवज्ञता, ते सर्वावधि ज्ञान ;
तदतिक्रान्त केवल दशा, ए परमार्थ विज्ञान ··२
ए केवल अवलंबने, प्रगटे स्वरूप ज्ञान ;
संत कृपाए विरल ने, सहजानंदघन भान···३

वीरप्रभु चै० २४

आत्म प्रदेश ने स्थिर करे, ते अभिसंधि-वीर्य ,
कषाय वश थी वीर्य ते, अनभि संधि अस्थैर्य···१
अभिसंधि बल फोरव्ये, वीर पणुं मन-मौन ,
उदय अव्यापकतन-वचन, क्रिया थाय ज्यागौण···२
साढा बार वरस लगी, वीर पणे विचरंत ,
वंदु श्रीमहावीर ने, सहजानंदघन संत·· ३

कलश

निज अलख गुण लखदा भणी, धरी लक्ष तजी सहु पक्षने ,
गिरिकन्दरा मोकल चोमासे, साधवा मन अक्ष ने ,
आनंदघन चोवीसी[1] लक्षे, चैत्यवंदन ए स्तव्या ,
गति-नभ-ख-बंधन (२००४) विक्रमे, शुद्ध सहजानंदघन पद ठव्या १

१—आनदघनजी की चौवीसी पर्याप्त प्रसिद्ध और भावपूर्ण रचना है। उसके योग्य चैत्यवन्दनो की कमी अनुभव कर आपने उन्हीं भावों को लेकर यह चैत्यवन्दन चौवीस गुम्फित की है।

(२) वर्त्तमान चतुर्विंशति जिन स्तुतयः *

ता० २८-११-६०

ऋषभ जिन स्तुति १

प्रीति अनुष्ठाने प्रेम ऋषभ-पद जोड़ी;
प्रभु-छवि चित्त झलक्ये पराभक्ति पथ दोडी ;
प्रभु आज्ञा तत्पर दृष्टिमोह गढ़ तोड़ी ;
जीत-क्षोभ असंगे सहजानंद रंग रोली···१

अजित जिन स्तुति २

दिशिपूर्वे अजीत-पथ चित्प्रकाश-ज्योत ;
दृग्-दृश्य विछोड़ी जोडी द्रष्टा-पोत ,
जगी अन्त. ज्योति त्या दृष्टि-अंधता-मोत ;
लगी ज्ञान निष्टा ज्यां सहजानंदघन स्रोत···२

संभव जिन स्तुति ३

परिग्रह-मूर्च्छा त्यां भय वली दंभाचार ;
संताज्ञा-अवज्ञा सत्मारग तिरस्कार ;
टले अपात्रता ए अनंत-कषाय प्रकार ;
संभव-प्रभु शरणे सहजानंदघन सार···३

---

* चैत्यवन्दन के बाद स्तवन और अन्त में स्तुति बोली जाती है। अतः चौवीस जिन के चैत्यवन्दनों की रचना के बाद उस क्रम की पूर्ति रूप में यह स्तुति चोवीसी रची गई है।

अभिनंदन स्तुति ४

थई संत-कृपा ज्यां अभिनंदन-श्रुति-धोध ;
जागे सुमति त्या प्रगटे चिद्-जड-बोध ;
ध्येय-ध्यान एकता रूप ध्याति अविरोध ;
खुले दृष्टि दर्शन सहजानंदघन शोध···४

सुमति जिन स्तुति ५

ज्ञायक सत्ता हूँ सुमति-प्रभु-पद-बीज ;
अर्पित उपयोगे अंतरात्म-रस-रीझ ;
छूटे जड-सत्ता-मोह रीझ नें खीज ;
बीज-वृक्ष न्यायवत् सहजानंदघन सीझ···५

पद्मप्रभ जिन स्तुति ६

संग युंजन करणे चित्-प्रकाश-त्रिकर्म ,
गुण करणे शमावी ज्योति-ज्योत स्वधर्म ;
जल-पंकथी न्यारा पद्मप्रभु गत भर्म ;
निज-जिन पद एकज सहजानंदघन मर्म···६

सुपार्श्व जिन स्तुति ७

नभ-रूप-विविधता ज्यां लगी पर्यय-दृष्टि ;
पण द्रव्य दृष्टिए अेक अखंड समष्टि ,
प्रभुता अवलंब्ये प्रगटे निज गुण सृष्टि ;
सुपार्श्व शरण थी सहजानंदघन वृष्टि ,

चंद्रप्रभ जिन स्तुति ८

सत्संग सुपात्रे योग-अवंचक नेक ;
स्वरूपानुसन्धाने क्रिया अवंचक टेक ,

मोह-क्षोभ विनाशे अवंचक फल एक,
प्रभु-चंद्र प्रकाशे सहजानंद विवेक ८

सुविधिजिन स्तुति ९

जिन-मंदिर-तन मंदिर अनुभव-संकेत;
अनहद अमृत रस ज्योति आदि समवेत,
अष्ट द्रव्य मिसे अे अनुभव-क्रम अभिप्रेत;
सुविधि-प्रभु पूजत सहजानंदघन लेत···९

शीतलजिन स्तुति १०

नय भंग निक्षेपे करीअे तत्त्व विचार,
त्या अस्ति नास्ति अवक्तव्य आदि प्रकार,
अविरोध सिद्धि ए स्याद्वाद-चमत्कार,
शीतल - सिद्धान्ते सहजानंदघन सार···१०

श्रेयांसजिन स्तुति ११

कर्तृत्वाभिमाने कर्म शुभाशुभ - बन्ध,
सधे ज्ञप्ति क्रिया थी बोधी-समाधि अबन्ध;
कर्त्ता न कदापि चेतन पर जड़-धंध,
श्रेयांस-बोध ए सहजानंद सुगंध···११

वासुपूज्यजिन स्तुति १२

कर्त्ता पद-सिद्धि व्याप्य-व्यापक न्याये;
तत्स्वरूप न जुदा कर्त्ता-कर्म-क्रियाए,

परिणति परिणामी परिणाम एक ध्याये ;
सहजानंद रस प्रभु वासुपूज्य गुण न्हाये ··१२

विमलजिन स्तुति १३

सजीवन मूर्ति करी माथे समर्थ नाथ ,
पछी शत्रु दल थी करीअे बाथम्बाथ ,
प्रभु विमल कृपाथी विजय लक्ष्मी करि हाथ ,
त्यां सहजानंदघन थाय त्रिलोकीनाथ · १३

अनंतजिन स्तुति १४

करी विविध क्रिया ज्या आश्रव वंध प्रकार ;
नोय माने हुं साधु समिति-गुप्ति व्रत धार ;
निज लक्ष-प्रतीति-स्थिरता नहिं तिल भार ,
केम पामे अनंतप्रभु ! सहजानंद पद सार·· १४

धर्मजिन स्तुति १५

दृग्-स्नेह-काम वश दूपित प्रेम-प्रवाह ,
प्रत्याहारी प्रभु धर्म-पदे शुद्ध राह ,
चित्त कमले ध्यावो प्रभु छवि धरि उत्साह ,
खुले परम खजानो सहजानंद अथाह··१५

शान्तिजिन स्तुति १६

परिस्थिति वश जे-जे उठे चित्त-तरंग ,
ते भिन्न तुं भिन्न अत. क्षुभित न हो अन्तरंग ,
ठरो शान्त रसे तो प्रगटे अनुभव-गंग ,
प्रभु शान्ति पसाये सहजानंद अभंग · १६

श्रीकुन्थुजिन स्तुति १७

अररर ! भ्रम-भ्रम !! छी !!! जड़ मन नो शो दोष ?
चेतन निज भूले करे रोष न तोष ;
शुद्ध भाव रमे जो मन-विलीन निज-कोष ,
प्रभु कुन्थु कृपाथी सहजानंद-रस पोष...१७

श्री अरजिन स्तुति १८

सम् अयति-द्रव्य सौ अने चेतन निरधार ,
चित्त त्रिविध कर्म स्थित ते पर समय विकार ,
ज्ञायक सत्ता स्थिति चेतन स्वसमय सार ,
अर धर्म-मर्म अे सहजानंद अविकार ..१८

श्रीमल्लिजिन स्तुति १९

चिद्-जड अभान त्यां सुषुप्त-चेतन अंध ;
केवल जड भाने स्वप्न सृष्टि सम्बन्ध ,
निज-पर विज्ञाने जाग्रत भेदक संघ ,
प्रभु मल्लि उजागर केवल ज्ञानानंद···१९

मुनिसुव्रत स्तुति २०

भिन्न-भिन्न मत दर्शन अेक-अेक नयवाद ;
निरपेक्ष दृष्टिए वध्यो धर्म विपवाद ;
टाले मुनिसुव्रत समन्वय स्याद्वाद ,
सापेक्ष दृष्टिए सहजानंद रस-स्वाद...२०

नमिनाथजिन स्तुति २१

नमिनाथ प्रभु-पद सांख्य-योग बे ख्यात ;
वली बौद्ध-वेदान्ती कर स्थाने करे वात ;
निज प्रतीति पूर्व चार्वाक् हृदय उत्पात ,
शिर जैन प्रतापे सहजानंद सुहात...२१

नेमिजिन स्तुति २२

रागी रीझे पण केम रीझे वीतराग ?
एकांगी निष्प्रभ विनशे साधक-राग ,
नेमनाथ आलंबी राजुल थाय विराग ,
नमुं सहजानदघन ते दम्पति महाभाग २२

पार्श्वजिन स्तुति २३

षड् गुण-हानि वृद्धि प्रति द्रव्य मा थाय ,
तोय न्यूनाधिक ना अगुरुलघु गुण क्षाय ,
छे नित्य द्रव्य पण ज्ञेय निष्टा दुख दाय ;
प्रभु-पार्श्व-निष्ठा तोय सहजानंद उपाय...२३

श्रीवीरजिन स्तुति २४

दर्शन ज्ञानादिक जे-जे गुण चिद्रूप ,
प्रतिगुण-प्रवर्त्तना वीर्य क्षायक रूप ,
तजी पर-परिणति सौ गुण शमाव्या स्वरूप ,
नमुं सहजानंद प्रभु महावीर जिन भूप...२४

श्री महावीर स्वामी छः कल्याणक चैत्यवन्दन

वीर जिनेश्वर वादी ने, आणी हृदय उल्लास।
तारूं कल्याणक ध्यावता, करिये कर्म नो नाश ॥१॥
सुर आयु पूरण करी, आव्या ब्राह्मणी कूख।
इन्द्रे अछेरूं जोइने, आण्युं मन मा दु:ख ॥२॥
श्रेय जाणी प्रभु वीरनुं, त्रिशला उदर मझार।
ठविया हरण गमेषीए, बीजुं कल्याणक सार ॥३॥
जन्म दीक्षा केवल इमे, उत्तराफाल्गुनी जाण।
पंच कल्याणक ए हुवा, छट्ठो स्वाति वखाण ॥४॥
छ कल्याणक वीरना, भाख्या सूत्र मझार।
सेवे सद्दहे जे भवि, रत्नत्रयी लहे सार ॥५॥

श्री महावीर जिन स्तुति

श्री महावीर जिनेश्वर मुझ भणी, सेवा फलो ताहरी।
षट् कल्याणक ताहरा श्रुत सुणी भ्रांति टली माहरी॥
जे निंदे अकल्याणक भूत तुझनो, उत्सूत्र भाषी सदा।
ते दण्डे निज आत्म निंदक जतो, पामे न बोधि कदा ॥१॥

---

(३) ऋषभदेव स्तवन

देवतत्त्व सामान्य पद   २०-१०-६९ विजयादशमी

देवाधिदेव पद एक, ऋषभ प्रभु तुझ मा घटे छे...
विश्वमा धर्मो अनेक, भिन्न भिन्न नामे रटे छे
विष्णु अवतार तुं आठमो ए, भागवत ग्रंथ आख्यान··ऋषभ प्रभु०
शंकरे तुझ रूपे अवतार धर्यो, शिव संहिताए व्यान.. ऋषभ० १
रत्नत्रयी त्रिशूले संहार्यो, अज्ञान अंधकासुर · ऋषभ०
खंभे तारे लटके अलकावलि, जटाधारी तपशूर·· ऋषभ० २
निर्वाण दिन एज महाशिवरात्रि, तूं सत् चित् आनंदी··ऋषभ०
अष्टापद कैलाश वासी तुंज, चरणे सन्मुख रहे नंदी...ऋषभ०३
विष्णु नाभीए ब्रह्मा थइ प्रगट्यो, ते तूं नाभिराय नंद·· ऋषभ०
समवशरण उपदेश चतुर्मुख, पिता तुं सरस्वती पंड...ऋषभ० ४
बाबा आदम ते तुंज आदिनाथ, मान्य इस्लामी धर्म...ऋषभ०
कान दाबी बाहुबलिए पोकार्यो, बांग विधिए मर्म...ऋषभ० ५
आदि बुद्ध तुं आदि तीर्थंकर, आदि नरेश समाज...ऋषभ०
आद्य संस्कृति नो तूं पुरस्कर्त्ता, सहजानंद पद राज...ऋषभ० ६



(४) ऋषदेभव तप स्तवन

अंतराय क्षय कारण विचरे, ऋषभदेव भगवान ।
राज समाज तजी व्रत धारी, सजी ने साध्य निशान ॥
निज साध्ये तन्मयता व्यापे, चार ज्ञान पण बोध न आपे ।
